## एक नजर में

### मजदूर ने बीवी-बच्चों संग फैक्ट्री के बाहर खोला मोर्चा.



**नीमच।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित परफेक्ट वायर इंडस्ट्रीज में मजदूरों के प्रति प्रबंधन के तानाशाही व्यवहार और श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ शनिवार को एक मजदूर ने अपने पूरे परिवार के साथ फैक्ट्री गेट के सामने धरना दे दिया। मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत रहे रवि नागदा ने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने के चलते उन्होंने एक माह पूर्व नौकरी छोड़ दी थी, लेकिन आज तक उनका बकाया वेतन और अन्य भुगतान नहीं किया गया है। धरना दे रहे रवि नागदा के साथ उनकी पत्नी, दो बच्चे और साथी मजदूर शांतिलाल पाटीदार, धर्मेंद्र यादव तथा रुपेश बाबा भी शामिल हुए। सीटू यूनियन के जिला महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि परफेक्ट वायर इंडस्ट्रीज में श्रमिकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। मजदूरों को न तो न्यूनतम वेतन मिल रहा है और न ही नियमानुसार अवकाश एवं ओवरटाइम का भुगतान किया जा रहा है। कई मजदूर, तंग आकर, पहले ही नौकरी छोड़ चुके हैं। इसके अलावा, पुराने वेतन एरियर का भुगतान भी लंबे समय से लंबित है। इस संबंध में श्रम विभाग में शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिन पर फिलहाल कार्रवाई जारी है।

### ग्वालटोली के प्रजापति समाजजन को टैगोर मार्ग पर ही अस्थाई दुकानें लगाने की अनुमति दे प्रशासन : हरगोविंद दीवान



**नीमच।** ग्वालटोली में निवासरत प्रजापति (कुम्हार) समाज के परिवार विगत कई वर्षों से दीपावली के समय शहर के प्रमुख टैगोर मार्ग पर फव्वारा चौक से लेकर विजय टॉकीज चौराहे तक सड़क के किनारे अपनी अस्थाई दुकानें लगाकर मिट्टी के दिपक एवं खिलौने बेचने का काम करते आए हैं। इन छोटे और मेहनतकश दुकानदारों को बेवजह परेशान करते हुए बीते वर्ष से स्थानीय प्रशासन द्वारा इनकी दुकानों को टैगोर मार्ग से हटाकर दशहरा मैदान में लगाया जा रहा है। जिससे दीपक एवं खिलौने बेचने वाले इन दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है, वहीं इनका धंधा भी पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। प्रशासन को अपना निर्णय वापस लेते हुए बरसों की परंपरा अनुसार प्रजापति समाज के दुकानदारों को टैगोर मार्ग पर ही अपना त्यौहारी बाजार लगाने की अनुमति देना चाहिए। उक्त मांग करते हुए नगर पालिका परिषद नीमच के वार्ड क्रमांक 9 ग्वालटोली के पार्षद हरगोविंद दीवान (जनसेवक) ने जिला कलेक्टर, नपाध्यक्ष एवं सीएमओ से मांग की है कि ग्वालटोली में निवासरत प्रजापति कुम्हार समाज के साथ टैगोर मार्ग पर दीपावली का बाजार लगाने वाले अन्य छोटे दुकानदारों को अपने पुराने स्थान पर ही अपनी अस्थाई दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए। श्री दीवान ने कहा कि ग्वालटोली में निवासरत प्रजापति समाज के परिवार काफी मेहनतकश है। उन्हें मिट्टी के दीपक एवं खिलौने बनाने के लिए काफी मेहनत करना पड़ती है। पूरा परिवार दो-तीन माह पूर्व से ही इस तैयारी में जुड़ जाता है, तब जाकर दीपावली पर आवश्यकता के अनुरूप इनकी तैयारी हो पाती है।

### कृषि विज्ञान केंद्र नीमच में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का जीवन्त प्रसारण



**नीमच।** कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच में दिनॉक 11.10.2025 को वेबकास्टिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना - राष्ट्रीय दलहन मिशन के शुभारम्भ का सीधा प्रसारण पूसा, नई, दिल्ली से दिखाया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के प्रमुख डॉ. सी. पी. पचौरी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए जिलें के कृषकों एवं हितग्राहियों को कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी दी एवं उनका लाभ लेने हेतु जागरुक किया। पूसा, नई दिल्ली से प्रसारित शुभारम्भ कार्यक्रम के प्रसारण में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कृषि अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री मान शिवराजसिंह चौहान एवं केन्द्रीय पशुपालन मंत्री मान राजीव रंजन सिंह ने भी उद्बोधित किया। साथ ही माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किसान भाई बहनों को 42 हजार करोड़ से भी अधिक कृषि परियोजनाओं का उपहार दिया गया। इसके अलावा वर्तमान में नेशनल मिशन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत देशभर में केविके के माध्यम से प्रशिक्षण द्वारा प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही देशभर के एक लाख किसानों को प्राकृतिक खेती हेतु प्रमाणिकृत किया गया।

### पर्यावरण मित्रों ने नगर वन गांधी नगर में चलाया स्वच्छता अभियान



**नीमच।** शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाने में जुटी हुई संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच नीमच विगत 11 वर्षों से निरन्तर अभियान चला कर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने में जुटी हुई है अभियान के तहत शनिवार दिनांक 11 अक्टूबर को प्रात: 8 से 10 बजे तक शो रूम चोराहा गांधी नगर स्थित नगर वन परिसर में संस्था सदस्यों ने 2 घंटे श्रमदान कर परिसर से प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां पन्नी गन्दे फटे पुराने कपड़े, कांच एवं प्लास्टिक की बाटले आदि एकत्रित कर ढेर लगाए गए, इसके पश्चात पुर्व रोपित पोधो को पानी पिलाया एवं पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार निकाली गई, इस अवसर पर संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल ने बताया कि पेड़ पोंधे हमारे जीवन मित्र हैं जो हमें जीवन भर मुफ्त वायु आक्सीजन प्रदान करते हैं इनकी सुरक्षा करना हम सभी का दायित्व है, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि संस्था द्वारा अब तक शहर में 5 नगर वन विकसित किए गए हैं जो आमजन एवं शहरवासियों को शुद्ध वायु आक्सीजन प्रदान कर रहे हैं इनकी सुरक्षा एवं देखभाल करना हमारा कर्तव्य है, अभियान में संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, जगदीश शर्मा, मनीष काठेंड, केशव सिंह चौहान आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

# थाना नाहरगढ़ पुलिस ने की चोरी गई तीन मोटरसाइकिल जब्त

▸ वाहन चोर को गिरफ्तार किया

**नाहरगढ। जिला मंदसौर में संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं आरोपियों की गिरफ्तारी विनोद मीणा पुलिस अधीक्षक मंदसौर के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत दिये गये निर्देशों के तारतम्य में टी. एस. बघेल अति. पुलिस अधीक्षक मंदसौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नाहरगढ़ निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए तीन अलग अलग सम्पत्ति संबंधी अपराधों में आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी की निशादेही से 03 मोटरसायकल कीमती 3,00,000/- रुपये का मश्रुका जब्त किया गया।**

दिनांक 9.10.25 को फरियादी ने रिपोर्ट किया की कोई अज्ञात बदमाश मेरी हिरो होण्डा स्पॅलडर मोटरसायकल क्रमांक 14 स्छ 6232 को चुराकर ले गया है। जिस पर थाना नाहरगढ़ पर अपराध क्रमांक 358/2025 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्द कर दौराने विवेचना में मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए

आरोपी लक्ष्मण उर्फ लखन पित्ता बापुलाल मेघवाल उम्र 21 साल निवासी खाईखेडा थाना शामगढ़ मंदसौर को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी की गई मोटरसायकल क्र. स्क्4 स्छ 6232 को जप्त किया गया एंव आरोपी से अपक्र. 359/2025 और



360/2025 में आरोपी के व्दारा चुराई गई मोटरसायकले क्रमशः हिरो डिलक्स मोटरसायकल क्र. MPvyMR0475 एवं डिलक्स मोटरसाइकत क्र. MPvyMC6252 को आरोपी की निशादेही से मोटरसायकले जप्त कि गई। गिरफ्तार आरोपी लक्ष्मण उर्फ लखन पिता बापुलाल मेघवाल उम्र 21 साल निवासी खाईखेडा थाना शामगढ़ जिला मंदसौर तथा जप्त शुदा मश्रुका- 01. हिरो होण्डा स्पॅलडर मोटरसायकल MPvy MD 6232, हीरो डिलेक्स मोटरसाइकल क्र. MPvyMR0475 व हीरो डिलेक्स मोटरसाइकल क्र. MPvyMC6252 जिसकी कुल कीमती 3,00,000/- रूपये। सराहनीय कार्य थाना प्रभारी नाहरगढ़ वरुण तिवारी, प्रआर365 महिपाल सिंह, प्रआर 608 दिलावरसिह प्रआर 56 राजेश जटिया, प्रआर 69 अर्जुन सिह, आर287 दिपांशु, आर486 लाखन सिह, आर399 ईश्वर गेहलोद, का सराहनीय योगदान रहा।

## जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में 10 दिन स्वच्छता की दीपावली अभियान का आयोजन

▸ व्यापक जन सहभागिता से की जाएगी सार्वजनिक स्थान
▸ बाजारों की सफाई
नगरी निकाय विभिन्न स्थानों पर रखेंगे डस्टबिन

**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा द्वारा गुगल मीट से नगरीय निकायों में 10 दिन स्वच्छता की दीवाली विशेष सफाई अभियान चलाने के संबंध में सभी सीएमओ की बैठक ली गई।**

बैठक में सभी सीएमओ को सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई करने विशेष रूप से बाजार में दुकानो के सामने अस्थाई अतिक्रमण हटाने,उनको व्यस्थित करने तथा नगरीय क्षेत्र की समस्त दुकानों के सामने डस्टबिन रखने का अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक नगरीय निकाय अपने-अपने निकाय के बाजारों में डस्टबिन रखवाना सुनिश्चित करें। सभी नगरीय निकाय आईईसी मद से अभियान के पोस्टर बेनर बना कर अभियान में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थानों को जोड़ने के निर्देश भी दिए ।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने इस विशेष सफाई अभियान के तहत सार्वजनिक क्षेत्रो, कार्यालयों, संस्थानो के परिसरों, व्यवसायिक व बाजार क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों, पब्लिक ट्रासपोर्ट हब, मुख्यमार्ग, हाईवे, अभ्यारण और संरक्षित क्षेत्र, जलाशयों, नदि तालाबों, नाले के किनारे तटो, पर्यटन धार्मिक व अध्यात्मिक स्थलों, सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों, कचरा प्रसंस्करण ईकाइयों की साफ सफाई कराने के भी निर्देश नगरी निकायों को दिए हैं।

अभियान में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं संस्थाओं का पूरा सहयोग लेने सिंगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित करने तथा नियमों का उल्लघन करने पर जूर्माने संबंधित संदेश बोर्ड, वाल पेंटिंग आदि आईसी मद से कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी निकायों को स्कूलो, कॉलेजो, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाया जावे।



## सार्थक संस्था ने लदुना के सीएम राइज स्कूल में लगाए 22 प्रजाति के 201 पौधे

**मन्दसौर। सार्थक संस्था ने 10 अक्टूबर को सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लदूना ( सीएम राइज ), में 201 पौधे 22 प्रजातियों के, लगाए गए।**

इसके तहत 5 बरगद, पांच पीपल, सिंदूर, शहतूत, रामफल, जामफल, सीताफल, आम, इमली, चीकू, कचनार, खमेर, मदार, जंगल जलेबी, अमलतास, गुलमोहर, चिरौल, गूलर, बकायन, शीशम, जामुन, अर्जुन सहजन, के पौधों का रोपण किया गया। यह समस्त पौधे सार्थक संस्था द्वारा निशुल्क संस्था में उपलब्ध कराए गए थे। सार्थक सोशल वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा यह इस सत्र का 15वां सघन वृक्षारोपण था। इस अवसर पर सीतामऊ की एसडीएम शिवानी गर्ग संस्था के प्राचार्य श्री बसेर, श्री हरीश खिचावत, श्रीमती उमा पवार एवं विद्यालय स्टाफ, स्थानीय गणमान्य जन, दीपाखेड़ा के जागरूक एवं उन्नत कृषक श्री भुवनेश्वर आमंत्रित थे। सार्थक संस्था के सदस्यों में सचिव श्रीमती रचना दोषी, संस्थापक डॉ. उर्मिला तोमर, उषा कुमावत, हेमा भावसार, अनिल त्रिवेदी, डॉ. रमेश देवड़ा, अनंत तारे, के.एल भावसार, श्रीमती अंजना पटेल, विक्रम सिंह, अर्पित सेन उपस्थित रहे। कक्षा 9, 10, 11 के 360 से अधिक छात्रों ने इस सघन पौधरोपण में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालयों में वृक्षारोपण की मुहिम सार्थक संस्था के द्वारा विगत वर्षों से चलाई जा रही है इसका उद्देश्य है नई पीढ़ी को फलदार वृक्षों के माध्यम से पोषण मिले, नई पीढ़ी पर्यावरण के प्रवृत्ति संवेदनशील बने, एवं पौधों की देखरेख के माध्यम से जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

वृक्षारोपण के पश्चात छात्रों के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली सार्थक संस्था के मार्गदर्शन में निकाली गई। जिसमें प्लास्टिक के प्रयोग को निषेध और, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के नारे लिखी तख्तियां लेकर छात्र चल रहे थे। प्रत्येक पांच छात्रों को एक वृक्ष का दायित्व दिया गया एवं देखरेख एवं सुरक्षा का संकल्प कराया गया।

## एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम हेतु रेलवे स्टेशन पर जन-जागरूकता अभियान आयोजित

**मंदसौर। जिले में एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम हेतु सतत जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा रेलवे विभाग के सहयोग से मंदसौर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

यह कार्यक्रम प्रात: 8.00 बजे से 12.00 बजे तक पाँच ट्रेनों के आगमन के दौरान यात्रियों एवं आमजन को एच.आई.वी./एड्स से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



इस दौरान यात्रियों को एच.आई.वी. संक्रमण के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। बताया गया कि यह वायरस शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है। इसके फैलने के चार प्रमुख कारण हैं — संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिंज का साझा उपयोग, संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद का संक्रमण, तथा संक्रमित माँ से बच्चे में संक्रमण।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि एच.आई.वी. संक्रमण का इलाज संभव है और उपचार से संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। सभी को सुरक्षित यौन व्यवहार अपनाने, प्रमाणित ब्लड बैंक से ही रक्त लेने और सुई/सिरिंज का साझा उपयोग न करने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1097 की जानकारी भी दी गई, जहाँ एच.आई.वी./एड्स से संबंधित किसी भी जानकारी या परामर्श के लिए संपर्क किया जा सकता है। यात्रियों को जानकारीपूर्ण पंपलेट भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. कुमार सलील, गीता सैनी, राजेश रजक, रेड क्रॉस के सदस्य, एन.एस.एस. स्वयंसेवक एवं रेलवे अधिकारियों की उपस्थिति रही।





## विद्यार्थियों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना का संचार

**मंदसौर।** शेफील्ड इंटरनेशनल स्कूल में पद अलंकरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के संरक्षक यतीश अग्रवाल व माला अग्रवाल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रेन एंड सीड्स मर्चेंट एसोसिएशन के सचिव योगेश दलाल तथा कैथुली सरपंच शैलेन्द्र तिवारी शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय समिति संरक्षक ताराचंद जैन एवं अध्यक्ष ताहिर हुसैन ने की। समारोह के दौरान हेड बॉय, हेड गर्ल, अनुशासन हेड, स्पोर्ट्स हेड, कम्युनिकेशन हेड सहित विभिन्न विभागों के छात्र नेताओं की नियुक्ति की गई तथा उन्हें शपथ दिलाई गई।

सीनियर ग्रुप में हेड बॉय - विराट सिंह, हेड गर्ल - एंजल भगत और जूनियर ग्रुप में हेड बॉय - अकाल जोत सिंह, हेड गर्ल - हर्षिता धाकड़ ने अपने पद की शपथ ली। अतिथियों ने विद्यार्थियों को निष्ठा, परिश्रम और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद विद्यालय और प्रबंधन के बीच सेतु का कार्य करती है।

**एक नजर** ▸ विधायक, पुलिस महानिरीक्षक एवं नपा अध्यक्ष ने वाहन रैली सहित सम्मान समारोह में भाग लिया

# नशामुक्ति, पर्यावरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में जमीनी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

**नीमच।** "ब्रह्माकुमारी संस्थान के भैया बहनों ने जो भी बीड़ा उठाया है उसे अपने अंजाम तक पहुंचाया है, चाहे वो नशा मुक्ति हो या पर्यावरण या स्वच्छता अथवा यातायात के नियमों का पालन हो । सभी सामाजिक क्षेत्रों में ब्रह्माकुमारी संस्थान की कार्ययोजना हमेशा सफल रही है ।" उपरोक्त विचार नशामुक्ति, पर्यावरण, स्वच्छता व यातायात के नियमों के प्रचार-प्रसार हेतु निकाली गई विशाल वाहन रैली और इस क्षैत्रों में सेवारत जमीनी कार्यकत्ताओं के सम्मान समारोह में बोलते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने व्यक्त किये । आपने नशे का सेवन करने वालों को चेतावनी देते हुए बताया कि "नशे के कारोबारियों के महल दिनों दिन बड़े होते जा रहे हैं और नशे का सेवन करने वालों के मकान भी झोंपड़ी में बदलते जा रहे हैं और इसका अंत अकाले मृत्यु से होता है।"



पुलिस महानिरीक्षक संदीप दत्ता ने ऐसे सामयिक आयोजन की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान से मैं बरसों से जब मैं माउण्ट आबू में था तब से जुड़ा हूँ और देखा है कि इनके सभी कार्यकर्त्ता अपने तन मन से समर्पित भाव से देश और समाज की सेवा करते हैं । नीमच के अनेक आयोजनों में मुझे आने का अवसर मिला। मैंने देखा कि यहाँ के हर कार्यक्रम में एक नई उर्जा महसूस हुई, जिसका सकारात्मक प्रभाव समाज पर आता है ।"

नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने पृथ्वी की रक्षा का आव्हान किया और इस हेतु सबसे जहरीले और खतरनाक तत्व प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह दी । आपने नशा मुक्ति, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में ब्रह्माकुमारी संस्थान के प्रयासों की भरपूर सराहना की।

इस संपूर्ण कार्यक्रम के संयोजक भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी एवं रोटरी क्लब इन्दौर वेली के अध्यक्ष तथा 55 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्थान में समर्पित बी.के.राकेश भाई ने संपूर्ण कार्ययोजना की जानकारी दी ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक, नपा अध्यक्ष, बी.के.सविता दीदी, सुरेन्द्र भाई एवं बी.के.राकेश ने ध्वज दिखाकर विशाल वाहन रैली का शुभारंभ किया । इस अतिविशाल वाहन रैली में सैंकड़ों दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सवारों ने शिवध्वज के साथ ही पर्यावरण, नशामुक्ति, स्वच्छता एवं यातायात के नियमों संबंधी तख्तियाँ हाथ में लेकर जोश खरोश से भाग लिया । रैली के उद्घोषक द्वारा बीच बीच में राष्ट्रप्रेम, स्वच्छता एवं नशामुक्ति संबंधी नारे लगवाकर जोरदार जय घोष किया । यह रैली ब्रह्माकुमारी पावन धाम से शुरू होकर टैगोर मार्ग, फव्वारा चौक, तिलक मार्ग, पुस्तक बाजार से होते हुए सी.आर.पी.एफ. सर्कल, पटेल स्टेच्यू से पुनः ब्रह्माकुमारी परिसर पर समाप्त हुई जहां सद्भावना सभागार में यह रैली एक विशाल जनसभा में परिवर्तित हो गई । इस सभा में पर्यावरण के क्षेत्र में जगदीश शर्मा एवं किशोर बागड़ी, नशा मुक्ति के क्षेत्र में सुनिल तिवारी व दिनेश सैनी, स्वच्छता के क्षेत्र में दिनेश टांक, सन्नी सौदे एवं शुभम उपाध्याय, नगर समस्या समाधान हेतु सोनू खण्डेलवाल तथा दीन दुखियों की निस्स्वार्थ सेवा हेतु जनरैल सिंह सहित यातायात एवं गौ चिकित्सा के क्षैत्र के भी जमीनी कार्यकर्त्ताओं को मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र, दुपट्टा एवं श्रीफल मंचासीन अतिथियों द्वारा भेंट कर सम्मानित किया गया ।